न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, भीलवाड़ा जिला भीलवाड़ा (राजस्थान)
पीठासीन अधिकारी:—श्रीमति टीना डाबी, आई.ए.एस.
मुकदमा नम्बर:—132/2018 प्रार्थना पत्र
श्री शिवदयाल पिता भंवरलाल धाकड, उम्र बालिग निवासी मति चन्द्रकंला पत्नि शिवदयाल धाकड़, उम्र बालिग निवासी 2—जी—18 आर0सी0व्यास कॉलोनी, भीलवाड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा (राजस्थान)
—————प्रार्थी

बनाम

—श्री मोहम्मद हुसैन पिता मोहम्मद ईस्माईल मुसलमान, उम्र बालिग निवासी जूनावास—भीलवाडा
—श्री मोहम्मद रफीक पिता मोहम्मद इस्माईल मुसलमान, उम्र बालिग निवासी जूनावास—भीलवाड़ा
—श्री मोहम्मद गौसमों पिता मोहम्मद इस्माईल मुसलमान, उम्र बालिग निवासी जूनावास—भीलवाड़ा
—श्री मोहम्मद फारूख पिता मोहम्मद इस्माईल मुसलमान, उम्र बालिग निवासी जूनावास—भीलवाड़ा
—श्री निसार अहमद पिता मोहम्मद इस्माईल मुसलमान, उम्र बालिग निवासी जूनावास—भीलवाड़ा
—श्री मोहम्मद अयूब पिता मोहम्मद इस्माईल मुसलमान, उम्र बालिग निवासी जूनावास—भीलवाड़ा
—श्री मोहम्मद उमर पिता मोहम्मद इस्माईल मुसलमान, उम्र बालिग निवासी जूनावास—भीलवाड़ा
—शमीना बानो पिता मोहम्मद इस्माईल मुसलमान, उम्र बालिग निवासी जूनावास—भीलवाड़ा
—श्रीमति आशा बैन पत्नि पारसमल शाह, उम्र बालिग निवासी बाजीपुरा तहसील बालोड़ा जिला तापी (गुजरात)
—राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार साहब, भीलवाड़ा तहसील व जिला भीलवाड़ा (राजस्थान)
—————विपक्षीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम 1956

:: नि र्ण य :: दिनांक:—24.5.2019

वकील प्रार्थी ने एक प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111—128 राजस्थान भू— राजस्व अधिनियम 1956 के तहत विपक्षीगण के विरूद्ध प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि ग्राम रूपाहेली पटवार हल्का रूपाहेली तहसील व जिला भीलवाड़ा में स्थित हाल आराजी नम्बर 2 रकबा 2 बीघा, 3 रकबा 15 बिस्वा, 4 रकबा 1 बीघा 8 बिस्वा, 5 रकबा 2 बीघा 8 बिस्वा, 2689/6 रकबा 17 बिस्वा कुल किता 5 रकबा 7 बीघा 8 बिस्वा भूमि प्रार्थी के नाम दर्ज रेकार्ड है। विपक्षीगण विवादित आराजियात के पड़ौसी है। प्रार्थी के खाते व कब्जे काश्त की आराजियात के सीमा चिन्ह नहीं होने के कारण आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होते रहते हैं। इस कारण प्रार्थी अपने खाते एवं कब्जे काश्त की आराजियात की सीमा जानकारी के लिये पत्थरगढ़ी कराना चाहते हैं। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर पत्थरगढी किये जाने का आदेश प्रदान फरमावें।

वकील प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दिनांक 22.5.2018 को पंजीबद्व किया जाकर जरिये सम्मन विपक्षीगण को तलब किया गया। विपक्षीगण संख्या 1 से 8 उपस्थित नही। विपक्षीगण संख्या 1 से 8 को कितनी ही मर्तबा विधिवत आवाजे दिलाई जाने के उपरांत भी उपस्थित नहीं होने के कारण दिनांक 19.6.2018 को एक तरफ कार्यवाही किये जाने का आदेश दिया जाता हैं। विपक्षी संख्या 9 व 10 का सम्मन बाद तामिल प्राप्त हुआ। जिसे शामिल पत्रावली किया गया। विपक्षी संख्या 9 व 10 को कितनी ही मर्तबा विधिवत् आवाजे दिलाई जाने के उपरांत भी उपस्थित नहीं होने के कारण एक तरफा कार्यवाही का आदेश दिनांक 22.5.2019 को पारित किया गया।

वकील प्रार्थी ने एक तरफा बहस करनी चाही। वकील प्रार्थी की एक तरफा बहस सुनी गयी । बहस के दौरान वकील प्रार्थी ने कथन किया कि प्रार्थी को अपने खाते व कब्जे काश्त की आराजियात की सीमा जानकारी नहीं होने के कारण फसल काश्त करते समय, फसल काटते

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

Scanned by CamScanner

मय सीमा बाबत विपक्षीगण के मध्य विवाद होता रहता हैं। इस कारण प्रार्थी अपने खाते एवं कब्जे ाश्त की आराजियात की सीमा जानकारी के लिये पत्थरगढ़ी करवाना चाहता हैं।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्राथी अपने प्रार्थना पत्र को सिद्व कराने में फल रहने के कारण प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित समझती हूँ, अतः

:: आ दे श ::

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र धारा 111–128 राजस्थान लैण्ड रेवेन्यू एक्ट 1956 के ्त स्वीकार किया जाकर ग्राम रूपाहेली पटवार हल्का रूपाहेली तहसील व जिला भीलवाड़ा में स्थित ल आराजी नम्बर 2 रकबा 2 बीघा, 3 रकबा 15 बिस्वा, 4 रकबा 1 बीघा 8 बिस्वा, 5 रकबा 2 बीघा 8 स्वा, 2689/6 रकबा 17 बिस्वा कुल किता 5 रकबा 7 बीघा 8 बिस्वा भूमि की सीमा जानकारी के ये पत्थरगढ़ी किये जाने का आदेश दिया जाता हैं। पत्थरगढ़ी किये जाने के लिये भू–अभिलेख ीक्षक, दांथल को 750/–रूपये (सात सौ पचास रूपये) कमिश्नर फीस पर कमिश्नर नियुक्त किया ता हैं। कमिश्नर फीस प्रार्थी मौके पर जमा करावें। कमिश्नर फीस जमा होने पर पक्षकारान् की ूदगी/उपस्थिति में पत्थरगढ़ी की जावें। पत्थरगढ़ी किये जाने के लिये तहसीलदार, भीलवाड़ा को ना हेतु लिखा जावें।

(टीना डाबी)
आई.ए.एस.
उपखण्ड अधिकारी,
भीलवाड़ा जिला भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

निर्णय आज दिनांक 24.5.2019 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा जिला भीलवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
भीलवाड़ा

ड अधिकारी
ीलवाड़ा

Scanned by CamScanner